# political theory

* भारतीय चिन्तकों ने विद्याओं को निम्न चार वर्गों में विभाजित किया था –
  (i) आन्वीक्षकी (ii) त्रयी (iii) वार्ता और
  (iv) दण्डनीति
* दण्ड नीति को ही वर्तमान में 'राजनीति विज्ञान' के नाम से पुकारा जाता है।
* ब्लंटश्ली के मतानुसार, "राजनीति विज्ञान वह विज्ञान है जिसका सम्बन्ध राज्य से है और जो यह समझने का प्रयत्न करता है कि राज्य के आधारभूत तत्व क्या हैं, उसका आवश्यक स्वरूप क्या है? उसकी किन विविध रूपों में अभिव्यक्ति होती है तथा उसका विकास कैसे हुआ है?
* डॉ० गार्नर के अनुसार :- "राजनीति विज्ञान विषय के अध्ययन का प्रारंभ तथा अन्त राज्य के साथ होता है।"
* जेम्स के शब्दों में, राजनीति विज्ञान राज्य का विज्ञान है।"
* सीले के अनुसार, "राजनीति विज्ञान उसी प्रकार सरकार के तत्वों का अनुसंधान करता है जैसे सम्पतिशास्त्र सम्पति का, जीवशास्त्र जीव का, बीजगणित अंकों का, ज्यामितिशास्त्र स्थान एवम् लम्बाई-चौड़ाई का करता है।
* लीकॉक के मतानुसार, "राजनीति विज्ञान सरकार से सम्बन्धित विद्या है।
* डिमॉक के मतानुसार, "राजनीतिशास्त्र का सम्बन्ध राज्य तथा उसके साधन सरकार से है।

Scanned By Scanner Go

फ्रांसीसी विचारक पॉल जैनेट के अनुसार –" राजनीति विज्ञान समाज विज्ञानों का वह अंग है जिसमें राज्य के आधार तथा सरकार के सिद्धान्तों पर विचार किया जाता है।

– गिलक्राइस्ट के अनुसार," राजनीति विज्ञान राज्य और सरकार की सामान्य समस्याओं का अध्ययन करता है।

– "आशीर्वादम के अनुसार," राजनीति विज्ञान राज्य और शासन दोनों का ही विज्ञान है।

– लास्की के अनुसार –" राजनीति विज्ञान का सम्बन्ध संगठित राज्यों से सम्बन्धित मनुष्य के जीवन से है।

– इस प्रकार राजनीति विज्ञान वह सामाजिक विज्ञान है जिसमें मानवीय जीवन के राजनीतिक पक्ष तथा इस पक्ष से सम्बन्धित राज्य सरकार तथा अन्य सम्बन्धित संगठनों का अध्ययन किया जाता है।

political science
B.A. part (I)
Paper - I

Rama Kant Pandey
S.R.A.P College
Bara chakia
BRABU / Muzaffarpur

Scanned By Scanner Go